# छोटेलाल गंगवार का पर्चा निरस्त, बरेली लोकसभा क्षेत्र से बसपा मुकाबले से बाहर

## आंवला लोकसभा क्षेत्र से आबिद अली का पर्चा पाया वैध, कार्यकर्ताओं का हंगामा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बरेली लोकसभा क्षेत्र के बसपा प्रत्याशी मास्टर छोटेलाल गंगवार का पर्चा निरस्त कर दिया गया। वहीं काफी हंगामे और बसपा प्रमुख मायावती से रिटर्निंग ऑफिसर से वीडियो कॉलिंग के बाद आंवला लोकसभा क्षेत्र से आबिद अली का पर्चा वैध माना गया।

बरेली और आंवला लोकसभा क्षेत्र से लड़ने वाले उम्मीदवारों के नामांकन पत्रों की शनिवार को जांच की गई। दोनों सीटों से बसपा के उम्मीदवारों के पर्चे को लेकर शनिवार को पूरे दिन हंगामा मचा रहा। पहले दोनों प्रत्याशियों के पर्चे निरस्त होने की बात सामने आई तो बसपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हंगामा शुरू कर दिया। शाम को आंवला लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी आबिद अली ने रिटर्निंग ऑफिसर से बसपा प्रमुख पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की वीडियो काल से बात कराई। उन्होंने आबिद अली को ही बसपा का अधिकृत प्रत्याशी बताया, जिसके बाद उनका पर्चा वैध करार दिया गया। इस संबंध में पार्टी की अध्यक्ष की ओर से रिटर्निंग ऑफिसर को ईमेल भी किया गया। इसके बाद बसपा के सिंबल से नामांकन कराने वाले सत्यवीर का पर्चा निरस्त कर दिया गया। बसपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह ने सत्यवीर के खिलाफ फर्जी नामांकन करने पर कोतवाली में तहरीर दी है।

जांच के बाद लोकसभा क्षेत्र से बसपा उम्मीदवार मास्टर छोटे लाल गंगवार का पर्चा निरस्त कर दिया गया। छोटेलाल गंगवार ने दो नामांकन पत्र 16 और 18 अप्रैल को दाखिल किए थे। उन्होंने शपथ में कुछ कॉलम खाली छोड़ दिए थे। इस कारण उनका नामांकन पत्र खारिज कर दिया गया। इसके साथ ही बरेली लोकसभा सीट से बसपा उम्मीदवार चुनाव से बाहर हो गए है।




पर्चा खारिज होने की सूचना पर पदाधिकारियों और समर्थकों के साथ कोतवाली पहुंचे बसपा प्रत्याशी आबिद अली। ● अमृत विचार

### आबिद अली के पर्चे को लेकर दिनभर मचा रहा हंगामा

आंवला लोकसभा क्षेत्र से बसपा ने आबिद अली को अपना प्रत्याशी घोषित किया था। उन्होंने गुरुवार और शनिवार को अलग-अलग पर्चे बसपा के सिंबल से दाखिल किए थे लेकिन शुक्रवार को सामने आया था कि बसपा के सिंबल से ही सत्यवीर ने भी अपना पर्चा दाखिल कर दिया है। शनिवार को नामांकन पत्रों की जांच की गई। एक ही पार्टी से दो प्रत्याशी होने के कारण आबिद अली का पर्चा निरस्त की श्रेणी में डाल दिया गया था। बाद में स्थिति स्पष्ट होने पर उनका पर्चा वैध माना गया।

### पर्चा निरस्त होने की सूचना पर रोए आबिद अली

बरेली, अमृत विचार : आंवला लोकसभा क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी आबिद अली को जब सूचना मिली कि उनका पर्चा निरस्त हो गया है तो वह मीडिया से बात करते हुए फूट-फूटकर रोने लगे। उन्होंने कहा कि उनके साथ घोटाला हुआ है, हालांकि बाद में उनका पर्चा वैध पाया गया।



नवाबगंज विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़कर विधायक बना। अब तक करीब 10 बार चुनाव लड़ा है। इससे पहले पर्चा कभी निरस्त नहीं हुआ। प्रशासन ने सरकार के दबाव में आकर ऐसा किया है। किसी ने आपत्ति भी नहीं की थी। अभी बसपा में शामिल रहूंगा। **-मास्टर छोटे लाल गंगवार**, पूर्व विधायक

### बसपा प्रत्याशी का पर्चा खारिज होने से बदल सकते हैं समीकरण

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली लोकसभा सीट पर बसपा प्रत्याशी मास्टर छोटे लाल गंगवार का पर्चा खारिज होने से समीकरण बदल सकते हैं। भाजपा चुनाव में इसका फायदा उठा सकती है। पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र का मतदान शुक्रवार को संपन्न हो गया। बरेली लोकसभा सीट पर 7 मई को चुनाव होना है। यहां से अब भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल सिंह गंगवार, सपा प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन मैदान में हैं। बसपा से मास्टर छोटे लाल गंगवार मैदान में थे। इससे लोगों को लग रहा था कि कुर्मी वोट बसपा प्रत्याशी के पक्ष में जा सकता था। इससे भाजपा को नुकसान हो सकता था लेकिन अब छोटेलाल गंगवार का पर्चा खारिज होने से भाजपा फायदा उठा सकती है।

### साजिश के तहत फरहत का पर्चा हुआ खारिज : आईएमसी

**बरेली, अमृत विचार :** आईएमसी समर्थित प्रत्याशी और पार्टी के जिलाध्यक्ष फरहत खान का भी पर्चा खारिज हो गया। इस पर मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी ने कहा कि पहले सांप्रदायिक ताकतों ने आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान को साजिशें कर जेल भेजने की कोशिश की। इसके अलावा मुसलमानों और दबे कुचले वर्ग की आवाज को दबाने की कोशिशें हुईं। उन्होंने कहा कि इन चुनावों में यह तय होना था कि असल दंगाई कौन हैं। इसलिए पर्चा खारिज होना भी इन्हीं साजिशों का नतीजा है। आईएमसी प्रमुख हमेशा समाज के दबे कुचले लोगों पर जुल्म, ज्यादती और उनके हक की आवाज उठाते रहे हैं और आगे भी उठाते रहेंगे।

# सपा विधायक पर भड़काऊ भाषण देने के आरोप में एफआईआर

- अताउर रहमान पर भाजपा प्रत्याशी को लुटेरा कहने का आरोप
- देवरनिया निवासी भाजपा समर्थक ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी और पूर्व मंत्री छत्रपाल गंगवार और उनके भतीजे को लुटेरा कहने के आरोप में सपा विधायक अताउर रहमान के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई है। देवरनिया के भाजपा कार्यकर्ता जितेंद्र कुमार ने एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान से मामले की शिकायत की थी। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने आचार संहिता लागू होने के दौरान माहौल खराब करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की।

रहपुरा गनीमत निवासी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि 16 अप्रैल को समाजवादी पार्टी प्रत्याशी प्रवीन सिंह ऐरन का नामांकन हुआ था। इस दौरान नेहरू युवा केंद्र पर हुई सभा में बहेड़ी से सपा विधायक अताउर रहमान ने सार्वजनिक रूप से भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार और उनके भतीजे को लुटेरा बताया था। उन्होंने कहा था कि भाजपा नेताओं की अक्ल पर पत्थर पड़ गये हैं, जो लुटेरों को टिकट दे दिया है। इस दौरान कब्रिस्तान और श्मशान की जमीनों पर कब्जा करने का भी जिक्र किया गया। धार्मिक टिप्पणी कर माहौल खराब करने की कोशिश की। इस पूरे मामले का वीडियो वायरल हो गया। इसमें अताउर रहमान के बोलने पर वहां उपस्थित समाजवादी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता तालिया बजाते नजर आ रहे हैं।

कोई असंवैधानिक भाषा का प्रयोग नहीं किया और न ही किसी का नाम लिया है। भ्रष्टाचार के बारे में बोला है। मुकदमा राजनीतिक द्वेष भावना से लिखवाया गया है, जांच में सब साफ हो जाएगा। **-अताउर रहमान**, विधायक बहेड़ी

# बरेली लोकसभा क्षेत्र से 14 और आंवला से नौ प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध

- बरेली से 14 और आंवला से 11 प्रत्याशियों के नामांकन खारिज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बरेली लोकसभा क्षेत्र से नामांकन पत्रों की जांच में 14 प्रत्याशियों का नामांकन पत्र वैध पाया गया है, जबकि बसपा प्रत्याशी मास्टर छोटे लाल गंगवार सहित 14 प्रत्याशियों का नामांकन खारिज कर दिया गया। इसके अलावा आंवला में नौ प्रत्याशियों का नामांकन पत्र वैध पाया गया है, जबकि 11 प्रत्याशियों का नामांकन पत्र खारिज कर दिया गया। दोनों सीटों पर 23 पर्चे वैध पाए गए और 25 के पर्चे खारिज कर दिए गए। 22 अप्रैल को नामांकन पत्रों की वापसी होगी।

शनिवार को हुए नामांकन पत्रों की जांच में बरेली लोक सभा सीट से भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल सिंह गंगवार, सपा इंडिया गठबंधन के प्रवीण सिंह ऐरन, पीस पार्टी से इरशाद अंसारी, सम्राट मिहिर भोज समाज पार्टी से जगपाल सिंह यादव, भारत जोड़ो पार्टी से मो. नाजिम अली, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक से भूपेंद्र कुमार मौर्य, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से रवि कुमार, जनशक्ति एकता पार्टी से रोहताश कश्यप, निर्दलीय आसशा बी, आशीष गंगवार, नितिन मोहन, बुद्ध प्रिय कर्मराय, राहुल, वसीम मियां और सुप्रिया ऐरन का पर्चा वैध पाया गया। जबकि लईक अहमद, संजीव , मास्टर छोटे लाल गंगवार, यतेश कुमार सिंह, महेंद्र पाल, रमेश चंद्रा, अंकित गोयल, मनोज विकट, रियासत यार खां, मुख्तार अहमद, कृष्ण कुमार, जीतेश कुमार, मिश्री लाल और फरहत खां के पर्चे खारिज किए गए।

इसके अलावा आंवला लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप, बसपा के आबिद अली, सपा के नीरज मोर्य, पीस पार्टी के कौसर खां, भारतीय जनशक्ति चेतना पार्टी के निर्मोद कुमार सिंह, वंचित समाज इंसाफ पार्टी के प्रेमपाल सागर, बहुजन मुक्ति पार्टी के मक्खन लाल, भारत जोड़ो पार्टी के आमिर खां, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी के पर्चे वैध पाए गए, जबकि विवेक कुमार, मुनेश सिंह, रामकुमार, छोटेलाल, मनोज कुमार यादव, सुनीता, पवन कुमार, सत्यवीर, बलवान सिंह, नीरज कुमार मौर्य, धनपत सिंह के पर्चे अवैध पाए गए ।



नामांकन पत्रों की जांच के दौरान कलेक्ट्रेट गेट के बाहर खड़े लोग। ● अमृत विचार

# मोदी के रोड शो के लिए बिजली अधिकारियों ने चेक किया रूट

- अफसरों का रोड शो से पहले व्यवस्थाएं दुरुस्त करने का दावा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 26 अप्रैल को होने वाले रोड शो की तैयारियों में बिजली विभाग के अधिकारी भी जुट गए हैं। अधिकारियों ने शनिवार को रूट का निरीक्षण किया। अधिकारियों के मुताबिक राजेन्द्रनगर साइड से बिजली के पोल और तारों को पहले ही शिफ्ट किया जा चुका है। रोड शो से पहले रूट ठीक कर दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री का रोड शो स्वयंवर बारात घर से शहीद पंकज अरोड़ा चौक तक प्रस्तावित है। शहरी क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता अंबा प्रसाद वशिष्ठ ने बताया कि रूट पर पहले भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम के दौरान बिजली के तारों को शिफ्ट कर दिया गया था। अब एक बार फिर से रूट का सर्वे कराया जा रहा है। अगर कहीं तार है तो उसे शिफ्ट और कवर कर दिया जाएगा।



### प्रधानमंत्री के रोड शो से पहले परखी सुरक्षा व्यवस्था

**बरेली, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 26 अप्रैल को शहर में होने वाले रोड शो से पहले भाजपा नेताओं ने पुलिस अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। लोकसभा प्रभारी चौधरी देवेंद्र सिंह, वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, विधायक संजीव अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने अफसरों के साथ स्वयंवर बरात घर से शहीद पंकज चौक तक रूट पर सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम देखे। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष पवन शर्मा, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, अनिल कुमार सक्सेना एडवोकेट, सभासद सतीश कातिब, गुलशन आनंद, नन्हेलाल गंगवार आदि मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री 25 को आलमपुर जाफराबाद में करेंगे जनसभा

**बरेली, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 अप्रैल को रोड शो से पहले आंवला लोकसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के समर्थन में जनसभा करेंगे। प्रधानमंत्री की जनसभा देवचरा से सटे गांव आलमपुर जाफराबाद के सैनिक ग्राउंड में होगी। सांसद धर्मेंद्र कश्यप के मीडिया प्रभारी राहुल कश्यप के मुताबिक, जनसभा को ऐतिहासिक बनाने को तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा को लेकर शनिवार को सांसद धर्मेंद्र कश्यप के आवास पर बैठक हुई। प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, क्षेत्रीय महामंत्री राकेश मिश्र,जिला प्रभारी दोदराम कुशवाहा, मंत्री धर्मपाल सिंह, सांसद धर्मेन्द्र कश्यप, विधायक प्रो. श्याम बिहारी, डॉ. राघवेंद्र शर्मा मौजूद रहे।

### भाजपा सांसद, विधायक और पदाधिकारी अपने बूथों पर 370 वोट डलवाएं

**बरेली, अमृत विचार :** भाजपा के लोकसभा प्रभारी चौधरी देवेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रत्येक पदाधिकारी और पार्टी के जनप्रतिनिधियों से लोकसभा चुनाव में अपने बूथ पर 370 वोट डलवाने को कहा है। इस लक्ष्य को प्रत्येक कार्यकर्ता को हर हाल में 7 मई को पूरा करना है। वह शनिवार को गांधी नगर स्थित पार्टी चुनाव कार्यालय पर आयोजित बैठक में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री के 26 अप्रैल को शहर में होने वाले रोड शो की तैयारियों पर चर्चा की। कहा कि पार्टी के सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, मेयर, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य, बीडीसी सदस्य, प्रधान अपने क्षेत्र में उसी तरह से घर-घर जाकर वोट मांगे, जैसे कि खुद के चुनाव में जाकर मांगते हैं। लोकसभा चुनाव संयोजक राजकुमार शर्मा ने भी विचार रखे। सांसद संतोष गंगवार, डॉ. केएम अरोड़ा, सीपी चौहान, सतीश शर्मा, नन्हेलाल गंगवार, सतीश यादव, रामकृष्ण शुक्ला आदि मौजूद रहे।






शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# छात्राओं ने प्रदेश में जिले का नाम किया रोशन

## यूपी बोर्ड परीक्षाफल : हाईस्कूल की एक और इंटर की तीन छात्राओं को प्रदेश की सूची में मिला स्थान

- हाईस्कूल में 87.72 और इंटर में 80.80 फीसदी विद्यार्थी हुए उत्तीर्ण
- रिजल्ट जानने के लिए स्कूल-कॉलेजों में छात्र-छात्राओं का रहा जमावड़ा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद ने शनिवार को हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परीक्षाफल घोषित कर दिया। प्रदेश की टॉपटेन सूची में जिले की चार बेटियों ने जगह बनाई है। स्कूल-कॉलेजों में रिजल्ट जानने के लिए छात्र-छात्राओं का जमावड़ा रहा। परीक्षा में पास होने और अच्छे नंबर आने पर विद्यार्थी खुशी से उछल पड़े और सहपाठियों को गले लगा कर बधाई देने लगे। इस दौरान स्कूलों में उत्सव जैसा माहौल दिखा। हाईस्कूल में 87.72 और इंटर में 80.80 फीसदी छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए।

यूपी बोर्ड परीक्षा में इस बार भी बेटियों का दबदबा बरकरार रहा। हाईस्कूल में 97.50 फीसदी अंकों के साथ नवाबगंज के सेंथल स्थित एसएस बालिका इंटर कॉलेज की रश्मि गंगवार टॉपटेन में छठे स्थान पर हैं, साथ ही वह जिले की टॉपर हैं। इंटर में शहर के सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा रिया गंगवार ने 96.40 अंकों के साथ प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त किया है, साथ ही वह जिले की टॉपर भी हैं। फतेहगंज के यूनिक मॉडल इंटर कॉलेज की छात्रा वंशिका ने 96.20 फीसदी अंकों के साथ नौवां और शहर के सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा प्रतिभा गंगवार ने 96 फीसदी अंकों के साथ प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त किया है। हाईस्कूल और इंटर की परीक्षा में 91079 विद्यार्थी शामिल हुए, जबकि 78859 ने परीक्षा उत्तीर्ण की।



हाईस्कूल और इंटर का रिजल्ट आने के बाद कांति कपूर सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में शिक्षिकाओं के साथ खुशी मानतीं छात्राएं। ● अमृत विचार



परीक्षाफल आने के बाद जश्न में मनातीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### इंजीनियरिंग कर देश सेवा करने की चाहत हैं रिया



इंटर की टॉपटेन सूची में आठवां स्थान पाने वाली रिया गंगवार इंजीनियरिंग की तैयारी कर रही हैं। बताया कि वह इंजीनियरिंग कर भारतीय सेना में रहकर देश सेवा करना चाहती हैं। उन्होंने रोजाना छह घंटे पढ़ाई की। इस दौरान वह खुद को स्वस्थ रखने के लिए योगा करती थीं। रिया ने फिजिक्स, केमिस्ट्री में 97, गणित, इंग्लिश और हिंदी में 96 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं। उनके पिता भगवान दास शेरगढ़ में ब्लॉक मैनेजर के पद पर तैनात हैं। बेटी सफलता पर पिता के साथ मां ममता गंगवार बेहद खुश हैं।

### प्रतिभा का सपना आईएएस बनने का



इंटर की टॉपटेन में सूची में दसवां स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभा गंगवार आईएएस बन कर देश की सेवा करना चाहती हैं। बताया कि प्रदेश की टॉपटेन सूची में स्थान पाने की उम्मीद कम थी। इससे पहले वह हाईस्कूल में 92 फीसदी अंक प्राप्त कर चुकी हैं। बेटी की सफलता से पिता ओमप्रकाश गंगवार खुश हैं। प्रतिभा ने बताया कि वह नियमित रूप से सात से आठ घंटे पढ़ाई की। सोशल मीडिया में उनकी कोई रूचि नहीं है। संगीत सुनना और लिखने पढ़ने में अधिक रूचि है।

### वंशिका चिकित्सा क्षेत्र में बनाना चाहती हैं करियर



इंटर की टॉपटेन सूची में नौवां स्थान पाने वाली वंशिका चिकित्सा के क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहती हैं। उनके पिता धनपाल सिंह किसान हैं। बेटी की सफलता से माता पिता गदगद हैं। वंशिका ने बताया कि परीक्षा से करीब चार महीने पहले उन्होंने तैयारी शुरू कर दी थी। रोजाना नियमित रूप पांच से छह घंटे पढ़ाई की। वह मनोरंजन और स्वास्थ्य के लिए बैडमिंटन खेलती थीं। सोशल मीडिया से दूरी बनाकर रखी। विषयों की बेहतर तैयारी के लिए कुछ चुनिंदा वेबसाइट का सहारा लेती रहीं।

## शहर में आज

- इंडियन डेंटल एसोसिएशन द्वारा गोष्ठी पीलीभीत रोड स्थित होटल कासा डिवाइन में दोपहर 12 बजे।
- श्री महावीर जैन कल्याणक के मौके पर रामपुर गार्डन स्थित जैन मंदिर से शोभायात्रा सुबह 9 बजे।
- यशस्वी क्लिनिक स्पॉट रोड पर स्वास्थ्य जांच शिविर सुबह 10 बजे।

### कारागार के सभी 13 बंदी परीक्षा में पास

बरेली, अमृत विचार : केंद्रीय कारागार के 9 बंदियों ने हाईस्कूल और 4 ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। बंदी रविंद्र कुमार ने हाईस्कूल में 90 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं। कैदियों की शिक्षा व्यवस्था के लिए शिक्षिका रीता मलिक को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। सभी बंदियों की परीक्षा में पास होने पर कारागार डीआईजी कुंतल किशोर और वरिष्ठ अधीक्षक अविनाश गौतम ने बधाई दी।

### हाईस्कूल के होनहार

| |
|---|
| रश्मि गंगवार 97 .50 प्रतिशत एसएस इंटर कॉलेज, सेंथल, नवाबगंज |
| हर्षित यादव 94 .33 प्रतिशत श्री लालता प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, नवाबगंज |
| संतोष गंगवार 94 .33 प्रतिशत श्रीलालता प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, नवाबगंज |
| दिव्या यादव 94 .17 प्रतिशत शिवाजी इंटर कॉलेज, फरीदपुर |
| अतुल बाबू 94 .17 प्रतिशत संजय गांधी इंटर कॉलेज, मुझैना जागीर, नवाबगंज |
| सोनू 94 प्रतिशत श्री सोहन लाल हाईस्कूल, मझउआ भोजीपुरा |
| प्राची सिंह 93 .67 प्रतिशत शांति अग्रवाल एसवीएम इंटर कॉलेज बरेली |
| नीतिन गंगवार 93 .67 प्रतिशत श्रीलालता प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज |
| विकास बाबू 93 .67 प्रतिशत संजय गांधी इंटर कॉलेज, मुझैना जागीर, नवाबगंज |
| हर्षिका गोविंद 93 .50 प्रतिशत शकुंतला देवी अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर, फतेहगंज |
| जुबैया मोहसिन 93 .33 प्रतिशत डॉ. सुशीला गिरीश बालिका इंटर कॉलेज |
| श्रुति सिंह 93 .33 प्रतिशत सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज |
| अर्जुन 93 .33 प्रतिशत श्रीलालता प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, नवाबगंज |
| सचिन पटेल 93 .33 प्रतिशत श्रीसालिक राम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, भिलैया |
| मुस्कान 93 .33 प्रतिशत गिरधारी लाल शर्मा इंटर कॉलेज, नवाबगंज |
| वर्तिका सक्सेना 93 .17 प्रतिशत सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज |
| रिया गंगवार 93 .17 प्रतिशत जेबीएस इंटर कॉलेज, बरौर, नवाबगंज |
| आदित्य कुमार मौर्या 93 प्रतिशत भरत जी सरस्वती इंटर कॉलेज आंवला |
| रिहान 93 प्रतिशत जेपीएस इंटर कॉलेज, मीरगंज |
| मो. आरिश 93. प्रतिशत नव केतन पब्लिक स्कूल, बहेड़ी |
| समृद्धि गंगवार 92 .83 प्रतिशत गुरुनानक खालसा इंटर कॉलेज बरेली |
| ईशा पटेल 92 .83 प्रतिशत भरत जी सरस्वती इंटर कॉलेज |
| आयुष गंगवार 92 .83 प्रतिशत श्री लालता प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, नवाबगंज |
| नीतीश 92 .83 प्रतिशत चंद्रप्रकाश मेमोरियल इंटर कॉलेज, धंतिया |

### इंटर के होनहार

| |
|---|
| रिया गंगवार 96 .40 प्रतिशत सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बरेली |
| वंशिका 96 .20 प्रतिशत यूनिक मॉडल इंटर कॉलेज, फतेहगंज |
| प्रतिभा गंगवार 96 .00 प्रतिशत सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज |
| विवेक कुमार गंगवार 95 .80 प्रतिशत जयनारायण सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बरेली |
| अमन कुमार 95 .80 प्रतिशत रामपाल कटोरी देवी इंटर कॉलेज, बल्लिया |
| स्नेहा दीक्षित 95 .60 प्रतिशत सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज |
| मोहिनी गंगवार 95 .60 प्रतिशत जीटीआर इंटर कॉलेज, रिछा |
| आनंद विवेक 95 . 20 प्रतिशत दरबारी लाल शर्मा इंटर कॉलेज, रिठौरा |
| अजय कुमार सिंह 95 .20 भरत जी सरस्वती इंटर कॉलेज, आंवला |
| निखिल शर्मा 95 .20 प्रतिशत रामपाल कटोरी देवी इंटर कॉलेज, बल्लिया |
| रूबी गंगवार 95 .20 प्रतिशत श्रीलालता प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज , नवाबगंज |
| साक्षी प्रजापति 95 .20 प्रतिशत श्री लालता प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, नवाबगंज |
| शिवम 95 .20 प्रतिशत जीटीआर इंटर कॉलेज , रिछा |
| तरुण कुमार 95 .00 प्रतिशत जयनारायण सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज |
| रोहित सिंह 95 .00 प्रतिशत यूनिक मॉडल इंटर कॉलेज, फतेहगंज |
| अशद अहमद 95 .00 प्रतिशत श्रीएचएन द्विवेदी इंटर कॉलेज, हाफिजगंज |
| विपिन कुमार 95 .00 प्रतिशत एसएसटी पब्लिक इंटर कॉलेज, क्योलड़िया |
| सौम्या सिंह 94 .80 प्रतिशत यूनिक मॉडल इंटर कॉलेज, फतेहगंज पश्चिम |
| हिमांशु गंगवार 94 .80 प्रतिशत श्रीलालता प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, नवाबगंज |
| अभिषेक 94 .80 प्रतिशत श्रीकृष्णा इंटर कॉलेज, नवाबगंज |
| सोनी 94 .20 प्रतिशत श्री लालता प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, नवाबगंज |

# सफलता से होनहारों के सपनों को मिली उड़ान

### स्नो रस्तोगी बनना चाहती हैं डॉक्टर



**भोजीपुरा, अमृत विचार :** भोजीपुरा निवासी छात्रा स्नो रस्तोगी ने हाईस्कूल में 94 प्रतिशत अंक पाकर जिले में चौथा स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने सफलता का श्रेय मां सरिता रस्तोगी और पिता काशीनाथ रस्तोगी को दिया है। वह डॉक्टर बनकर देश की सेवा करना चाहती हैं।

### आरिश ने हाईस्कूल में नौवां स्थान प्राप्त किया



**बहेड़ी, अमृत विचार :** कस्बा निवासी मोहम्मद आरिश ने हाईस्कूल में जिले की टॉपटेन सूची में नौवां स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने हिन्दी में 90, अंग्रेजी में 93, गणित में 98, विज्ञान में 97, सामाजिक विज्ञान में 95 और कला विषय में 85 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं। बेटे की सफलता से परिजन बेहद खुश हैं।

### कामयाबी पाने को मेहनत के सिवाय और कोई विकल्प नहीं



**बहेड़ी, अमृत विचार :** गांव भिलैया के सालिगराम इंटर कालेज के छात्र सचिन पटेल ने हाईस्कूल में 93.3 फीसदी अंक पाकर जिले में सातवां स्थान प्राप्त किया है। सचिन का कहना है कि सफलता पाने को मेहनत के सिवाय और कोई विकल्प नहीं है। नियमित पढ़ाई के कारण ही परीक्षा में अच्छे नंबर आए हैं। उनके पिता खूबकरन लाल अध्यापक हैं।

### मोहिनी को भी बनना है आईएएस



**भुता, अमृत विचार :** ग्राम मिर्जापुर निवासी मोहिनी गंगवार ने इंटर में 478 अंक प्राप्त कर जिले में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। वह आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहती हैं। वहीं, ग्राम भगवानपुर निवासी शिवम राठौर ने इंटर में 476 अंक प्राप्त कर जिले में सातवां स्थान प्राप्त किया है।

### चिकित्सा क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं विवेक

जय नारायण सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के छात्र विवेक कुमार गंगवार ने इंटर में 95 .8 फीसदी अंक अर्जित कर जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने हिंदी में 96, अंग्रेजी में 95 , बायलॉजी में 97 , फिजिक्स में 94 और रसायन में 97 अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने प्रतिदिन पांच से छह घंटे पढ़ाई की। वह भविष्य में चिकित्सा के क्षेत्र में भविष्य संवारना चाहते हैं। इसके लिए अभी से तैयारी में जुट गए हैं। उन्होंने सफलता का श्रेय परिजनों को दिया है।

### तैयारी के समय सोशल मीडिया से बनाकर रखी दूरी

जय नारायण सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के छात्र तरुण कुमार ने इंटर में 95 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं। वह सेना में अधिकारी बनकर देश सेवा करना चाहते हैं। बताया कि परीक्षा की तैयारी के दौरान उन्होंने सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखी। पढ़ाई करने के साथ क्रिकेट भी खेला। बेटे की सफलता से पिता ओम कुमार और माता संजू देवी खुश हैं।



परीक्षाफल आने के बाद जय नारायण सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में जश्न मनाते छात्र। ● अमृत विचार

## मेहनत रंग लाई

### यूट्यूब और वेबसाइटों से तैयारी कर पाई सफलता



**हाफिजगंज, अमृत विचार :** एचएन द्विवेदी इंटर कॉलेज के छात्र असद ने इंटर में 95 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले की सूची में छठा स्थान प्राप्त किया है। उनके घर में उल्लास का माहौल है। असद आईएएस बन कर देश की सेवा करना चाहते हैं। बताया कि बहन और भाइयों से प्रेरणा लेकर 90 प्लस का लक्ष्य निर्धारित किया था। परीक्षा की तैयारी के लिए यूट्यूब और अन्य वेबसाइटों का सहारा लिया। प्रतिदिन दस घंटे पढ़ाई की।

### किसान के बेटे ने जिले में सातवां स्थान प्राप्त किया





**भदपुरा, अमृत विचार :** गांव बिजासन के किसान चोखेलाल के बेटे विपिन कुमार ने इंटर में 95 फीसदी अंक पाकर जिले की सूची में सातवां स्थान प्राप्त किया है। वह चिकित्सा के क्षेत्र में अपना भविष्य संवारना चाहते हैं। पिता के अनुसार विपिन शुरुआत से ही पढ़ाई में होनहार रहा है। बताया कि हाईस्कूल में उसने 90 फीसदी अंक प्राप्त किए

### टेंपो चालक के बेटे ने पाया जिले में छठा स्थान



**रिठौरा, अमृत विचार :** टेंपो चालक के होनहार बेटे विवेक ने बिना कोचिंग पढ़े अपनी मेहनत के बल पर जिले की टॉप टेन सूची में छठा स्थान पाया। विवेक दरबारी लाल शर्मा इंटर में पढ़ते है। विवेक आनन्द के पिता वीरपाल टेंपो चलाकर परिवार का पालन पोषण करते हैं। मां प्रेमवती आंगनबाड़ी सहायिका है। विवेक आनंद ने अपनी सफलता का माता-पिता और गुरुजनों को इसका श्रेय दिया है। वह इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर देश सेवा करना चाहते हैं।

### आठ से दस घंटे पढ़ाई कर पाई सफलता



**रिठौरा, अमृत विचार :** श्यामवती कन्या इण्टर कॉलेज में पढ़ने वाली हिमांशी गंगवार ने जिले में छठा स्थान पाया है। दोनों छात्राओं ने बताया वे आठ से दस घंटे नियमित पढ़ाई करतीं थीं। विज्ञान शिक्षक सूरज गंगवार, शाकिर हमेशा उन्हें आगे बढ़ने को प्रेरित करते थे। विद्यालय प्रबंधक खूबचंद गंगवार ने रश्मि गंगवार को ग्यारह हजार रुपए नगद एक साइकिल तथा हिमांशी गंगवार को प्रधानाचार्य राजबहादुर गंगवार एवं समस्त स्टाफ द्वारा साइकिल देने की घोषणा की। इस मौके पर संस्थापक अयोध्या प्रसाद गंगवार ने सभी बच्चों को भविष्य में और अच्छा करने की कामना करते हुए बधाई दी है।

### मनन ने स्कूल टॉप किया



**बरेली, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा में गुलाबराय स्कूल के छात्र मनन सक्सेना ने स्कूल में टॉप किया है। पिता अमिताभ सक्सेना ने हर्ष जताते हुए बताया कि बेटा शुरू से ही होनहार है। शिक्षकों ने भी मनन को बधाई दी।



इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज में सेल्फी लेतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

# जज्बे को सलाम : दोनों पैर और एक हाथ गंवाने वाली प्रिया प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण

- 12 वीं की परीक्षा में कड़ी मेहनत से पाई सफलता
- छेड़खानी के विरोध पर शोहदे ने ट्रेन के आगे फेंक दिया था

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा में जहां विद्यार्थी टॉप टेन की सूची में अपना नाम दर्ज करा कर खुशी मना रहे हैं। वहीं, दो पैर और एक हाथ गंवानी वाली प्रिया ने 12 वीं की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की है। बेटी की सफलता से परिजन खुश हैं। प्रिया ने छेड़छाड़ का विरोध किया था। इसपर शोहदे ने चलती ट्रेन के सामने उन्हें धक्का दिया था।

सीबीगंज क्षेत्र में रहने वाली प्रिया के साथ 10 अक्टूबर 2023 को यह घटना हुई थी। प्रिया का लंबे समय तक इलाज चला। हादसे के बाद प्रिया पूरी तरह से टूट गई थीं। ठीक होने के बाद उन्होंने रोजाना आठ घंटे तक पढ़ाई की। इसमें परिजनों ने उनकी मदद की। प्रिया ने 12 वीं 63.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। प्रिया का कहना है कि इन परिस्थितियों को झेलने के बाद परीक्षा पास करना किसी चुनौती से कम नहीं था।





परिवार के सदस्यों के साथ प्रिया। ● अमृत विचार

**अधिकारी बनकर शोहदों को सिखाना चाहती हैं सबक:** प्रिया ने बताया कि जिस तरह से छेड़छाड़ का विरोध करने पर एक शोहदे ने चलती ट्रेन के सामने धक्का देकर उनका जीवन चार माह के लिए नर्क बना दिया। पुलिस-प्रशासन की मदद से और परिजनों के हौसलों से वह ठीक होकर अस्पताल से बाहर आईं। वह अब स्नातक की परीक्षा पास कर सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करेंगी। जिससे वह अधिकारी बन कर इस तरह के शोहदों को सबक सिखा सकें।

### पिता बोले-गाजियाबाद में लगेंगे कृत्रिम हाथ-पैर

पिता राकेश कश्यप ने बताया कि बेटी को दो पैर और एक कृत्रिम हाथ लगवाने के लिए वह गाजियाबाद के एक डाक्टर के संपर्क में हैं। कृत्रिम हाथ और पैर के लिए नाप दिया जा चुका है। इसमें दिल्ली के राजीव चोपड़ा और शहर के एक अधिवक्ता ने आर्थिक रूप से मदद कर रहे हैं। बेटी के पास होने पर पूरा परिवार खुश है।



सुरेश शर्मा नगर स्थित एसएसवी इंटर कॉलेज में खुशी मनाती छात्राएं। ● अमृत विचार


डॉ. कुलदीप गंगवार
M.B.B.S M.D (Pediatrics)
शिशु रोग विशेषज्ञ
चौकी चौराहा निकट
महिला थाना, बरेली
मो. 9411088493
9457096487
उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड का एकमात्र अत्याधुनिक विदेशी मशीनों से युक्त
शिशु एवं बच्चों का सर्वश्रेष्ठ गहन चिकित्सा केन्द्र
गंगवार हॉस्पिटल
OMPC सोसाइटी
चैरिटेबिल ओ.पी.डी.
मंगलवार एवं शुक्रवार
समय : प्रातः 10 से 11 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 200 रुपये
आर्थिक रूप से असहाय रोगियों हेतु विशेष सहयोग
दिन मंगलवार एवं शुक्रवार
कैंट जनरल अस्पताल, बरेली
समय दोपहर 2 से 4 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 100 रुपये
Mob. 5812970135
ऑवला
IFFCO HOSPITAL
बृहस्पतिवार
समय 4 से 6 बजे तक
नवजात शिशुओं में खतरनाक लक्षण
1. शिशु का किन्हाना या कराहना
2. शिशु का दूध का कम पीना या न पी पाना
3. दूध पीने पर ओंछू या फंदा लगना
4. सांस की गति प्रति मिनट 60 या उससे अधिक होना
5. छाती के निचले भाग में गड्ढे पड़ना
6. सांस के साथ नथूने फूलना
7. नाल से या कान से मवाद आना, आंख से कीचड़ आना, त्वचा में फोड़े-फुंसी होना
8. शिशु की सांस का अनियमित होना या सांस रोकना
9. तलुआ (AF) फूलना
10. शिशु का सुस्त या बेहोश हो जाना (शिशु द्वारा हाथ पैर का कम चलाना)
11. खून की कमी से शिशु का सफेद होना
12. आक्सीजन की कमी से शिशु का नीला पड़ना
13. शिशु के शरीर का रंग स्लेटी व त्वचा का सख्त होना
14. शिशु के नाल, उल्टी या टट्टी में खून आना
15. नवजात शिशुओं में पीलिया
- 24 घंटे के अन्दर
- 14 दिन के बाद भी
- हथेली व तलुवे का भी पीला होना
- Bilirubin का 20 से अधिक होना
16. शिशु को दौरे पड़ना
17. शिशु को बुखार या तापमान का कम होना
18. पेट फूलना व टट्टी, पेशाब का न आना
19. शिशु को 24 घण्टे के बाद भी पेशाब व टट्टी न होना
20. लगातार व हरे रंग की उल्टियां होना व मुँह से झाग आना
21. शिशु का सफेद मुंआ होना
22. शिशु का सात दिन के बाद भी वजन न बढ़ना
23. शिशु का बहुत अधिक रोना
(EMO Doctors)
डा. प्रवीण गंगवार (तिलहर)
डा. परमजीत सिंह (खीरी)

# मातृत्व सुख न पाने में महिलाएं ही नहीं पुरुष भी जिम्मेदार

## 35वीं प्रादेशिक वार्षिक गाइनी कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन भी वरिष्ठ चिकित्सकों ने दिए सुझाव, पद्मश्री डॉ. ऊषा शर्मा ने किया कार्यक्रम का आरंभ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गाइनोकॉलोजिकल सोसायटी की ओर से आयोजित 35 वीं प्रादेशिक वार्षिक गाइनी कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन शनिवार को चार सत्र आयोजित किए गए। इस दौरान वरिष्ठ चिकित्सकों ने गर्भावस्था की जटिलताओं के संबंध में अहम जानकारी दी। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत पद्मश्री डॉ. ऊषा शर्मा ने की।

नैनीताल रोड स्थित एक रिसोर्ट में आयोजित कॉन्फ्रेंस में आयोजन सचिव डॉ. लतिका अग्रवाल ने बताया कि पहले सत्र में एंडोमेट्रियोसिस के संबंध में जानकारी दी गई। आजकल यह बीमारी महिलाओं में सबसे ज्यादा सामने आ रही है। इसको लेकर वरिष्ठ डॉ. अलका कृपलानी ने बताया कि एंडोमेट्रियोसिस एक ऐसी बीमारी है, जिसमें गर्भाशय की लाइनिंग जैसे ऊतक गर्भाशय के बाहर भी बनने लगते हैं, इससे महिलाओं को गर्भधारण करने में काफी दिक्कत होती है। इसकी वजह से महावारी के दौरान खून भी अधिक बहता है। इस प्रकार की दिक्कत होने पर तुरंत चिकित्सक की सलाह लें। दूसरे सत्र में डॉ. आभा मजूमदार ने बाझपन में अंडे न बनना, ट्यूब का बंद होना, शुक्राणुओं की कमी आदि के इलाज के बारे में बताया। कहा कि आधुनिक तकनीकों जैसे कृत्रिम गर्भाधान आईयूआई, टेस्ट ट्यूब बेबी, दवाओं से काफी हद इन समस्याओं का इलाज संभव हो गया है। मुंबई से आए डॉ. अमित पटकी ने बताया कि अक्सर गर्भधारण न होने पर महिलाओं में ही कमी की बात लोग करते हैं, लेकिन कई मामलों में जांच में यह पुष्ट हुआ है कि पुरुषों में डीएनए विखंडन होने के चलते भी महिलाएं गर्भधारण नहीं कर पाती हैं, इसलिए शादी के एक से दो साल तक गर्भधारण न होने पर दोनों को ही जांच करानी चाहिए। डॉ. शिखा सेठ, डॉ. स्नेहा आदि ने भी अनुभव साझा किए। इस मौके पर बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल, सोसायटी की अध्यक्ष डॉ. मृदुला शर्मा, आयोजन सचिव डॉ. प्रगति अग्रवाल, डॉ. रश्मि शर्मा, डॉ. नीरा अग्रवाल, डॉ. भारती सरन, डॉ. गायत्री सिंह, वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अतुल अग्रवाल, डॉ. मोनिका वार्ष्णेय, डॉ. संध्या गंगवार, डॉ. भारती माहेश्वरी आदि मौजूद रहे।


नैनीताल रोड स्थित एक रिसोर्ट में आयोजित गाइनी कॉन्फ्रेंस में मौजूद वरिष्ठ महिला चिकित्सक।


गाइनी कॉन्फ्रेंस में बड़ी संख्या में डॉक्टरों ने लिया भाग। ● अमृत विचार

### कोई डॉक्टर नहीं चाहता है मरीज के साथ अनहोनी हो



बरेली ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गाइनोकॉलोजिकल सोसायटी की अध्यक्ष डॉ. मृदुला शर्मा ने बताया कि परिजन अपने मरीज के इलाज के लिए खुद ही डॉक्टर का चुनाव करते हैं, अक्सर ऐसा देखा गया है कि इलाज के दौरान किसी भी प्रकार की अनहोनी होने पर तुरंत परिजन डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगा देते हैं, जबकि डॉक्टर पूरी कर्मठता से अपने मरीज का इलाज करता है, कोई डॉक्टर कभी नहीं चाहता है कि मरीज के साथ किसी भी प्रकार की अनहोनी हो। इसलिए जिस डॉक्टर का चुनाव आपने किया है, उस पर विश्वास करना बहुत जरूरी है।

### समय से महिलाएं करें विवाह तभी घटेगी मातृ-शिशु मृत्यु दर



मेरठ से आईं पद्मश्री डॉ. ऊषा शर्मा ने बताया कि चिकित्सा पद्धतियों में लगातार बदलाव हो रहा है। इस प्रकार की कांफ्रेंस में यह बताया जाता है कि किस प्रकार मातृ और शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जाए। हालांकि, इसके लिए मरीजों को गर्भावस्था के दौरान विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। इनमें प्रसव पूर्व नियमित जांच, उचित व पौष्टिक आहार, आयरन व कैल्शियम आदि का नियमित रूप से सेवन, एनिमिया खून की कमी की जांच आदि से गर्भवती व गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं को काफी हद तक दूर किया जा सकता है। गर्भवती को हर महीने नियमित जांच, सातवें व आठवें महीने में दो बार व नौवें महीने में हर हफ्ते जांच करानी चाहिए।

### एक्ट में संशोधन के बाद सरोगेसी की खरीद फरोख्त पर लगी लगाम



दिल्ली से आईं वरिष्ठ आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ. शिवानी सचदेव ने बताया कि सरोगेसी (किराये की कोख) विधि आने के बाद विदेशों से लोग भारत आकर महिलाओं को आर्थिक रूप से झांसा देकर मातृत्व सुख ले रहे थे, जिससे देश की छवि पर सवाल उठ रहा था। वर्ष 2021 में सरकार ने इस खरीद फरोख्त पर लगाम लगाने के लिए सरोगेसी एक्ट में संशोधन कर आदेश दिया कि निसंतान दंपती अपने ही परिवार की महिलाओं को किसी भी प्रकार की बिना आर्थिक सहायता दिए सरोगेसी करा सकते हैं। इसके लिए भी सरकार द्वारा निर्धारित मेडिकल बोर्ड से प्रमाण पत्र लेना जरूरी है, हालांकि इस एक्ट के बाद देश के लोगों का रुझान सरोगेसी के प्रति कम हुआ है।

### कृत्रिम गर्भाधान अब है आसान, देरी करने पर होगा पछतावा



कांफ्रेंस की आयोजन सचिव डॉ. लतिका अग्रवाल ने बताया कि गर्भधारण न होने पर महिलाओं को जिम्मेदार मानना गलत है, पुरुष भी उतने ही जिम्मेदार हैं, वहीं कृत्रिम गर्भाधान के प्रति अभी भी लोगों में जागरूकता की कमी है, जबकि इसका सक्सेस रेट अच्छा है। इसलिए, गर्भधारण न होने पर पहले कुशल चिकित्सक से इलाज लें, कुछ माह तक फायदा न होने पर कृत्रिम गर्भाधान करवाएं। अगर कृत्रिम गर्भाधान में किसी प्रकार की जटिल समस्या हो तो टेस्ट ट्यूब बेबी विधि का सहारा लें। हालांकि, कृत्रिम गर्भाधान विधि का सफलता का स्तर काफी है।

## जल्द ही 40 डिग्री के पार जाएगा तापमान

**बरेली, अमृत विचार :** दिन के साथ रात में भी गर्मी सताने लगी है। दिन में तेज धूप में लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार जाने का पूर्वानुमान जताया है। शनिवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 1.3 डिग्री ज्यादा 38.6 और न्यूनतम 0.7 डिग्री अधिक 22.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम विशेषज्ञ डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि सप्ताह भर मौसम साफ रहेगा। जल्द ही पारा 40 डिग्री दर्ज हो सकता है। इस बार तापमान में बढ़ोतरी का मुख्य कारण अलनीनो माना जा रहा है। इस बार गर्मी के पिछले कई रिकार्ड टूटेंगे। इस बार लू भी 15 से 20 दिन चलेगी जबकि सामान्य तौर पर लू 6 से आठ दिनों तक ही चलती है।



## कंप्यूटर एप्लीकेशन की जरूरत बढ़ रही



**बरेली, अमृत विचार :** इन्वर्टिस विश्वविद्यालय में कंप्यूटर तकनीकी पर चल रही दो दिवसीय अंतर राष्ट्रीय कांफ्रेंस शनिवार को संपन्न हो गई। इस मौके पर ऑटोमेशन तकनीकी विशेषज्ञ मोहिनी ओझा ने कहा कि किसी भी समस्या का समाधान करना हो या फिर नेटवर्किंग की जरूरत हो, सभी में कंप्यूटर एप्लीकेशन की जरूरत बढ़ रही है। कुलाधिपति डॉ. उमेश गौतम और कार्यकारी निदेशक पार्थ गौतम के मार्गदर्शन में आयोजित कांफ्रेंस में दूसरे दिन शोध पत्र पढ़े गए। यूके की कंपनी में यूजर एक्सपीरियंस लीडर डॉ. मोहित गुप्ता, राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग विभाग के डा. आशीष कुमार पांडेय, कुलपति प्रो. वाईडीएस आर्या, प्रो. आरके शुक्ला, प्रो. जितेंद्रनाथ श्रीवास्तव, डॉ. गौरव अग्रवाल ने भी विचार रखे। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन सेवानिवृत्त वैज्ञानिक डा. देवेंद्र झा मुख्य अतिथि और कंप्यूटर तकनीकी विशेषज्ञ प्रणव नंदन विशिष्ट अतिथि रहे। कुलसचिव संतोष कुमार, प्रो. केके दुबे, डा. आकाश संगी, रत्नेश पांडेय, नरेंद्र पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## मिलिट्री स्कूल प्रवेश परीक्षा में दो छात्रों का चयन

**बरेली, अमृत विचार :** राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल प्रवेश परीक्षा में गुरुकुल नेशनल स्कूल के दो छात्रों का चयन हुआ है। इस सफलता से दोनों छात्रों के परिजन और शिक्षक गदगद हैं। स्कूल से कक्षा 6 के लिए हार्दिक और प्रणय सैनी का चयन हुआ है। स्कूल के डायरेक्टर राहुल चौहान ने चयनित बच्चों को बधाई दी है।

## बीमारी फैलाने वाले परजीवियों से बचाव बेहद जरूरी



**बरेली, अमृत विचार :** जीवन शैली संबंधी बीमारियां ज्यादातर लोगों को अपनी चपेट में ले रही हैं, लेकिन खून में रह कर बीमारी फैलाने वाले बैक्टीरिया, वायरस माइकोप्लाज्मा, प्रोटोजोआ जैसे हीमोपैरासाइट्स की अनदेखी से भी मरने वालों की संख्या कम नहीं है। साधारण सा समझा जाने वाला मलेरिया, टाइफाइड, टीबी से लेकर महामारी बनने वाला कोरोना सब इन्हीं सूक्ष्मजीवों का परिणाम है। यह निष्कर्ष एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय इंडियन एकेडमी आफ ट्रोपिकल पैरासायटोलाजी (आईएटीपी) की पांचवीं स्टेट कांफ्रेंस यूपी-यूके ट्रोपिकान में निकल कर सामने आया। इस मौके पर बैक्टीरिया, माइकोप्लाज्मा, प्रोटोजोआ जैसे खून में रहने वाले परजीवियों पर माइक्रोबायोलाजिस्ट ने व्याख्यान दिया। उद्घाटन सत्र में एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने कहा कि सूक्ष्मजीवों से बीमारियां कितनी खतरनाक हो सकती हैं, इसकी जानकारी कोविड महामारी से सभी हो गई है। इस महामारी के दौरान ही माइक्रोबायोलाजी का महत्व भी सामने आया है, लेकिन अभी भी हम सब सूक्ष्म जीवों से होने वाली बीमारियों को ज्यादा गंभीरता से नहीं लेते हैं। इंडियन एकेडमी आफ ट्रोपिकल पैरासायटोलाजी (आईएटीपी) के यूपी-यूके चैप्टर की प्रेसिडेंट और एम्स कल्याणी की प्रो. उज्जला घोषाल ने संस्था के कार्यों की जानकारी दी। सेक्रेटरी और आरएमएल लखनऊ के प्रो. मनोदीप सेन ने कांफ्रेंस को समय की जरूरत बताया। प्रिंसिपल डॉ. एमएल बुटोला, डा. जसप्रीत कौर, डा. मुत्थु महेश्वरी, डॉ. आरपी सिंह, डा. नीलिमा मेहरोत्रा, डॉ. क्रांति कुमार, डा. पियूष कुमार, डॉ. ललित सिंह आदि मौजूद रहे।

## छात्रों को मतदान की शपथ दिलाई



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में राजनीति शास्त्र विभाग में स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों को शनिवार को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। प्रो. वंदना शर्मा ने विद्यार्थियों से कहा कि वह निष्पक्ष होकर मतदान करें। इस मौके पर विभागाध्यक्ष प्रो. मनमीत कौर, डॉ. प्रियंक मल्होत्रा, डॉ. मिन्नी यादव, डॉ. सत्येंद्र, डॉ. गरिमा, डॉ. शिव शंकर, डॉ. सुभांशु, शेखर आदि मौजूद रहे।

## संता बंता हंटर्स और जेपी वारियर्स ने अपने मैच जीते

- जीपीसीए क्रिकेट लीग में स्पोर्ट्स हब और एचएजे सुपर किंग्स की हार

**बरेली, अमृत विचार :** जीपीसीए अंडर-19 क्रिकेट लीग में शनिवार को संता बंता हंटर्स और जेपी वारियर्स ने अपने-अपने मैच जीते।

संता बंता ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 30 ओवरों में सभी विकेट खोकर 218 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए स्पोर्ट्स हब की टीम सिर्फ 81 रन ही बना सकी और संता बंता हंटर्स ने 137 रन से मैच जीत लिया। सिद्धार्थ पाल प्लेयर ऑफ द मैच रहे। दूसरे मैच में एचएजे सुपर किंग्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 18.4 ओवरों में सभी विकेट खोकर 77 रन बनाए। जेपी वारियर्स ने 18 ओवरों में लक्ष्य प्राप्त कर दो विकेट से जीत हासिल की। शिवांशु पांडेय प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

## थैलेसीमिया से ग्रसित 30 बच्चों को निशुल्क जांच के साथ मिला इलाज



आईएमए हाल में थैलेसीमिया से ग्रसित बच्चों की जांच करते डॉक्टर।

**बरेली, अमृत विचार :** आईएमए की ओर से आयोजित शिविर में थैलेसीमिया से ग्रसित 30 बच्चों की निशुल्क जांच कर उपचार दिया गया।

शनिवार को आईएमए भवन के सभागार में सुबह 10 से 1 बजे तक शिविर का संचालन हुआ। आईएमए अध्यक्ष डा. राजीव गोयल ने बताया कि शिविर में थैलेसीमिया ग्रसित बच्चों की मुफ्त एचएलए टाइपिंग जांच की गई। साथ ही उपचार दिया गया। पहले जांच के लिए बच्चों के परिजनों को दिल्ली के चक्कर लगाने पड़ते थे। शिविर का नेतृत्व दिल्ली से आए हेमेटो-ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. राहुल भार्गव और बाल हेमेटोलॉजिस्ट डॉ. अरुण दानेवा ने किया। डॉ. राहुल भार्गव ने सुझाव दिया कि शादी से पहले थैलेसीमिया की जांच जरूर करवानी चाहिए, ताकि भविष्य में होने वाले बच्चे थैलेसीमिया से ग्रसित न हों। सचिव डॉ. गौरव गर्ग, कोषाध्यक्ष डॉ. निकुंज गोयल, कम्युनिटी सर्विस चेयरमैन डॉ. एसपी अग्रवाल, डॉ. अमित अग्रवाल, डॉ. अरुण दानेवा, डॉ. रितु राजीव, डॉ. अंजू उप्पल आदि मौजूद रहे।

## अब सप्ताह में दो बार साफ होगा स्विमिंग पूल

**बरेली, अमृत विचार:** स्पोर्ट्स स्टेडियम में लर्निंग स्विमिंग पूल अब सप्ताह में दो बार साफ किया जाएगा। पूल में वर्तमान में चार बैच संचालित किए जा रहे हैं, इनमें करीब सौ से अधिक लोग तैराकी सीख रहे हैं। पूल में छोटे बच्चे भी अभ्यास करते हैं, ऐसे में उन्हें त्वचा संबंधित परेशानी न हो इसके लिए सप्ताह में दो बार स्विमिंग पूल के पानी को बदलकर उसे क्लोरिन से साफ किया जाएगा।

## निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आज

**बरेली, अमृत विचार :** सौ फुटा रोड स्थित यशस्वी क्लिनिक में रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि शिविर में निशुल्क जांच भी होगी। शिविर के आयोजन का उद्देश्य लोगों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ाना है।


Manoj Khanna
For C.C.Tv
For BIOMETRIC, REMOTE LOCKS SECURITY & FIRE ALARM'S
......total security solutions
Techno India
R/8 B, Rampur Garden, Bareilly (U.P.)
Mob:. 9412294008, 8057020000

## कैंप में बच्चों के दांतों की हुई जांच



एडोप्शन सेंटर में कैंप में बच्चों के साथ स्टाफ। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड डेंटल कॉलेज के एडोप्शन सेंटर में कैंप का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों के दांतों की जांच की गई। कॉलेज प्राचार्य डॉ. सत्यजीत ने बच्चों को खेल के माध्यम से कैसे मुंह की सफाई व्यवस्था हो, ब्रश करने की सही विधि क्या है आदि के बारे में जानकारी दी। डॉ. शिवांगी ने कहानी के रूप में बच्चों को मुख स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। वहीं जिन बच्चों की जांच में कमियां मिलीं, ऐसे बच्चों के दांतों पर फ्लोराइड और जिनके दांतों में कीड़ा लगा था उसमें मसाला भरकर इलाज किया गया। वहीं, बच्चों के परिजनों को निशुल्क टूथपेस्ट भी वितरित किए गए।

## आइडियाथॉन में विद्यार्थियों ने नवाचार प्रस्तुत किए

**बरेली, अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय में आइडियाथॉन में शनिवार को विद्यार्थियों ने नेट जीरो एमिशन, इनोवेशन बिजनेस मॉडल फॉर क्लाइमेट चेंज, ए एप्लीकेशन एंड क्लाइमेट चेंज संबंधित विचार प्रस्तुत किए गए। प्रतियोगिता में बरेली कॉलेज के अक्षत शुक्ला ने पहला, फार्मेसी विभाग की आराध्या वर्मा ने दूसरा और रसायन विभाग के आशुतोष सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रो. संजय सिंह, ग्रास इनोवेशन सेंटर के संयोजक देश दीपक शर्मा, प्रो. विशाल सक्सेना, आशीष शंखवार, डॉ. प्रांजल, रामजी प्रसाद, छात्र संयोजक अध्यक्ष अभय नारायण गौड़ मौजूद रहे।

## छात्रों को स्क्लेरल कांटेक्ट लैंस लगाना सिखाया


कार्यशाला में मौजूद छात्र-छात्राएं और शिक्षक। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के ऑप्टोमेट्री विभाग में स्क्लेरल कांटेक्ट लैंस विषय पर कार्यशाला हुई। नई दिल्ली के सिल्वर लाइन लेबोरेटरीज के निदेशक गगन साहनी, मो. तहसीन रजा, किच्छा के सूरजमल पैरामेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. इमरान अहमद अंसारी और कॉलेज प्राचार्य डॉ. पुष्पेंद्र कनौजिया ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

गगन साहनी ने स्क्लेरल कांटेक्ट लेंस पर व्याख्यान देने के बाद लेंस लगाकर भी दिखाए। छात्रों ने एक दूसरे की आंखों पर लैंस लगाकर सीखा। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने बताया कि जिस व्यक्ति की एक आंख की रोशनी किसी दुर्घटना या किसी बीमारी के वजह से खराब हो जाती है ऐसे व्यक्ति के लिए ये लैंस बहुत लाभकारी हैं। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में ऑप्टोमेट्री विभाग से सह समन्वयक गुलफ्शा सैफी, सकीना, विष्णु दत्त तिवारी, सुनील दिवाकर, तनु गुप्ता और राजू मौजूद रहे।


School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :
7906732664, 8445507002

MEDHAVI PUBLIC SCHOOL
(A English Medium School Based on C.B.S.E. Pattern)
Play Group to VIII th ADMISSION OPEN
Features & Facility ●Decorated and Beautiful Play Group Class ●Highly Qualified Teaching Staff ●Colourful and Airy Classrooms ●RO Drinking Water ●Regular Health Check-Up ●Computer Lab, Library
MES Colony, 100 Fita Road, Delapeer By Pass, Bareilly
Mob.: 9412260961, 7505542291

Basubaral Saraswati Vihar
Senior Secondary School, Affiliated to C.B.S.E., Delhi
With Maths, Science, Commerce and Humanities Stream
Admission Open For Classes I to XIIth Session 2024-25
HURRY! Limited Seats are available
Special Features : ● Pollution Free 5 Acre Campus ● Normal Fees with Highest Values ● Smart Classes ● Digitization of School Administration ● CCTV Secured Campus ● Online Feedback of Students with Parent ● Transport Facility ● Leading School in Sports activities

Please Note :
● Admission will be on merit base/entrance exam ● New Session will be commenced from 1 April 2024
● Regular Classes are running - Hurry up! ● Prospectus/Admission Forms are available in school
Apna Ghar Parisar, Bisalpur Road, Bareilly-243006
Mob.: 7983035601, 8791688082, 8869098082

M.S. Convent School
Gopal Nagar, Near Abhishek Sweets, Sanjay Nagar, Bareilly
Pre NC to 8th
English Medium Co-Education (Based on CBSE Pattern)
Features :
● Education By Smart Classes (projector)
● Well Educated Teachers
● Fully Airy Classroom
● Vehicle Facility is Available (Van, Rickshaw)
ADMISSION OPEN
M.: 9411007501, 8410361612, 8218345868

## एक नजर

### तमंचे के साथ युवक की फोटो वायरल, शिकायत

**दुनका, अमृत विचार :** शाही क्षेत्र के तुरसा पट्टी निवासी युवक का सोशल मीडिया पर फोटो वायरल हुआ है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने पुलिस अधिकारियों से की है। आरोप है युवक खुलेआम गांव में तमंचा लेकर घूमता है और दबंग करता हैं। दबंगई से तंग आकर ग्रामीण ने उसकी फोटो वायरल कर दी। ग्रामीणों ने युवक की शिकायत पुलिस अधिकारियों से की हैं।

### उधार मांगने पर युवक को पीटा, एसएसपी से शिकायत

**दुनका, अमृत विचार :** उधार दिए रुपये वापस मांगने के विवाद में दबंग ने युवक को पीटा दिया। बेटे को बचाने पहुंची महिला के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। मेहरुन निशा ग्राम तुरसा पट्टी ने एसएसपी के नाम ज्ञापन देकर बताया कि 12 अप्रैल को गांव में ही उसके बेटे को गांव के दो लोग पीट रहे हैं। वह बचाने पहुंची तो उसके साथ भी मारपीट की। आरोपियों ने उसे तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने एसएसपी से शिकायत करके आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### बंदी में दुकान खोलने वालों के कटे चालान

**आंवला, अमृत विचार :** नगर में साप्ताहिक बंदी के बावजूद भी दुकान खोलने के मामले में लेबर इंस्पेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की और आधा दर्जन दुकानदारों के चालान काटे। लेबर इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने साप्ताहिक बंदी के बावजूद भी दुकानें खुली मिलने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा दुकानदारों से पूर्व में ही शनिवार को साप्ताहिक बंदी करने की अपील की जा चुकी है। परंतु कुछ दुकानदार जानबूझकर गलतियां कर रहे हैं। उन्होंने टीम के साथ निरीक्षण किया। अधिकांश दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं। कुछ दुकानदार नहीं माने इसलिए छह दुकानों पर पहुंचकर चालान काटे गये हैं। उन्होंने कहा साप्ताहिक बंदी का पालन न करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

### दुनका मेला में खुलेआम हो रहा जुआ

**दुनका अमृत विचार :** दुनका गांव में श्रीरामनवमी के अवसर पर पांच दिवसीय मेला लगा है। मेले में स्थानीय पुलिस प्रशासन की अनदेखी के चलते तीन दिनों से लगातार बच्चो और जवानों को जुआ खिलवाया जा रहा है। जबकि मेला में स्थानीय पुलिस की ड्यूटी रहती है। इतना ही नहीं एक दूसरे फड़ पर इसी तरह कुड़रिया मारकर जुआ खिलाया जा रहा है। शाही थाना अध्यक्ष ने बताया कि हमारी जानकारी में नहीं है, आप दुनका चौकी से बात करें ।

### भमोरा में एडीजी और आईजी ने किया निरीक्षण

**बरेली, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जिले में होने वाली जनसभा को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। शनिवार को एडीजी पीसी मीणा, आईजी डॉ. राकेश सिंह, एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने भमोरा क्षेत्र में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस को सुरक्षा व्यवस्था के कड़े के निर्देश दिए। इसके बाद प्रेमनगर में रोड शो कार्यक्रम के दृष्टिगत भ्रमण कर मार्ग एवं यातायात व्यवस्था का निरीक्षण कर पुलिस को निर्देश दिए।

### डीजे पर डांस के विवाद में फायरिंग, दो घायल

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** फतेहगंज पूर्वी में शुक्रवार की रात एक शादी समारोह में डीजे पर डांस करने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर हुई फायरिंग से दो लोग घायल हो गए। पीड़ित ने थाने में पहुंच कर तहरीर दी है। क्षेत्र के गांव अमृता में शुक्रवार रात को नन्हें की बेटी की बरात आई हथी। बराती डीजे की धुन पर नाच रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर बारातियों से कहासुनी हो गई। इसी दौरान फायरिंग हो गई, जिससे भगदड़ मच गई। फायरिंग में बदायूं के थाना मूसाझांग के सहानी के कैमरामैन पंकज उसके साथी गोविंद को छर्रे लगने से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए भिजवाया।

# बोर्ड परीक्षा में नवाबगंज के होनहारों का रहा दबदबा

## इंटरमीडिएट में सात तो हाई स्कूल में आठ छात्रों ने जिले की टॉप टेन सूची में जगह बनाकर किया नाम रोशन

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचार :** हाईस्कूल और इंटर मीडिएट की बोर्ड परीक्षा में इस बार नवाबगंज के छात्रों ने सफलता का परचम लहराते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

हाईस्कूल में कस्बे के लालता प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के हर्षित यादव और संतोष गंगवार ने 94.33 प्रतिशत अंक पाकर जिले में दूसरा, नितिन ने 93.67 प्रतिशत पाकर पांचवां, अर्जुन गंगवार ने 93.33 प्रतिशत पाकर सातवां तो आयुष ने 92.83 प्रतिशत पाकर जिले में दसवां स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा संजय गांधी इंटर कॉलेज मुझैना जागीर के अतुल ने 94.17 प्रतिशत पाकर तीसरा व विकास बाबू ने 93.67 प्रतिशत प्राप्त कर जिले में 5वां स्थान प्राप्त किया है। इंटर में भी नगर के लालता प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर का ही दबदबा रहा और रुबी गंगवार व साक्षी प्रजापति ने 95.2 प्रतिशत पाकर जिले में छठवां, हिमांशु ने 94.8 प्रतिशत व सोनी ने 94.2 फीसदी अंक प्राप्त कर जिले में क्रमशः 8 वां व दसवां स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा नगर के एसएसटी इंटर कालेज के विपिन व हाफिजगंज के एचएन द्विवेदी इंटर कालेज के असद अहमद ने 95 प्रतिशत अंक पाकर जिले में 7वां तथा नगर के श्रीकृष्ण इंटर कॉलेज के अभिषेक ने 94.6 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में 9 वां स्थान प्राप्त किया है।



नवाबगंज में बोर्ड परीक्षा में सफलता पाने वाले छात्र जश्न मनाते हुए। ● अमृत विचार

### शुभी सक्सेना ने 93.67 फीसदी अंक प्राप्त किए

**फरीदपुर, अमृत विचार :** कस्बे के किशोर चंद कन्या इंटर कॉलेज का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा इसमें इंटर की विज्ञान वर्ग की शुभी सक्सेना ने 93 .67% प्राप्त कर प्रथम स्थान, वैष्णवी सक्सेना ने 90 .2% प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा पलक देवल ने 88 .8% प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया और कला वर्ग की मिताली ने 88 .2% प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया और हाई स्कूल वर्ग में रिफा आलम ने 91 .83%, और नैंसी वर्मा ने 91 .83% प्राप्त कर प्रथम स्थान, प्रिया राठौर ने 91% प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा समृद्धि उपाध्याय ने 90 .6% प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रौशन किया इस उपलक्ष्य में विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ बीनू सिंह विद्यालय प्रबंध समिति तथा समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की तरफ से सभी छात्राओं को उज्जवल भविष्य की कामना की।



# दुनका के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में पाई सफलता

संवाददाता, दुनका

**अमृत विचार :** दुनका क्षेत्र के क्षेत्र के नेतराम इंटर कॉलेज आनंदपुर इंटरमीडिएट छात्र प्रतिभा बर्मा 86,8% प्रथम स्थान स्कूल छात्र में, विकास प्रथम स्थान स्कूल में इसी प्रकार कुंवर भगवान सहाय आदर्श सरस्वती हायर सेकेंडरी विद्या मंदिर सहोड़ा के मोहित मौर्य 93.50 फीसदी, रवि कुमार फीसदी अवनीश कुमार ने 88% प्राप्त किया। एडिसन साइंटिफिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बल्ली की भावना गंगवारने 600 में552 अंक प्राप्त करके स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। नेतराम इंटर कॉलेज आनंदपुर इंटरमीडिएट प्रतिभा वर्मा 434 अंक, विकास ने 600 में से 515 अंक।

### परीक्षाफल वितरण के साथ छात्रों को किया पुरस्कृत

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** क्षेत्र के कस्बा धौराटांडा स्थित फेम पब्लिक स्कूल में शनिवार को रिजल्ट वितरण किया गया। स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा 24 छात्रों मेधावी की श्रेणी में आए जिन्हें संस्था की ओर से पुरस्कार दिए गए । प्रबंधक मोहम्मद इरशाद रजवी ने उत्तीर्ण हुए समस्त छात्रों को बधाई दी

### सोशल मीडिया से दूरी बनाकर बोर्ड परीक्षा में पाई सफलता



**आंवला, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद का 10 वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम शनिवार को घोषित कर दिया गया। आंवला नगर के भरत जी सरस्वती इंटर कालेज के 12 वीं के एक और 10वीं के दो छात्रों ने जनपद में स्थान पाकर तहसील का नाम रोशन किया है। छात्रों ने बताया कि उनकी सफलता का मुख्य कारण सोशल मीडिया से दूरी और निरंतर अभ्यास रहा। उनके शिक्षकों और परिवार ने उनकी भरपूर सहायता की। जनपद में छठवां स्थान पाने बाले गांव वीरपुरा गौंटिया निवासी कक्षा 12 के अजय कुमार सिंह ने बताया कि उन्होंने 500 अंकों में 476 अंक प्राप्त किए हैं। उसके पिता मुकेश कुमार कृषि के साथ आंवला नगर के वजीरगंज अड्डे पर खाद-बीज की दुकान चलाते हैं। मां मिथलेश कुमारी गृहणी हैं। उसे फिजिक्स में 95, कैमिस्ट्री 97, मैथ 96, हिंदी 92, अंग्रेजी में 96 अंक मिले है। उसने सोशल मीडिया से दूरी बनाकर कोचिंग करके पढ़ाई की। वह सिविल सर्विस में जाना चाहते हैं। दो भाई दो बहनों में सबसे बड़े हैं। जनपद में 9वां स्थान पाने वाले नगर के मोहल्ला अवादानपुर निवासी कक्षा 10 के आदित्य कुमार ने बताया कि उसके पिता लालमन मौर्य कृषि करते हैं और मां शीला देवी गृहणी हैं। उसने 600 अंकों में 558 अंक प्राप्त किए हैं। उसे हिंदी 97, मैथ 97, साइंस 97, सोशल साइंस 91, कला 86, अंग्रेजी 90 अंक मिले है। उसने अंग्रेजी और मैथ की कोचिंग की थी, शेष विषयों की स्वयं तैयारी की। वह सिविल सर्विस में जाना चाहता है। वह तीन बहन और दो भाइयों में चौथे नंबर का है। जनपद में 10वां स्थान पाने बाली डरूआपुर गांव निवासी कक्षा 10 की ईशा पटेल ने बताया कि उसके पिता नरवेश कुमार कृषि करते हैं और मां कमला देवी गृहणी हैं। उसने 600 अंकों में 557 अंक प्राप्त किए हैं। उसे मैथ 98, साइंस 98, हिंदी 91, अंग्रेजी 90, कला 88, सोशल साइंस 92 अंक मिले हैं। उसने बताया कि वह इंजीनियरिंग करना चाहती है। उसने मैथ की कोचिंग की थी, बाकी विषयों में स्वयं पढ़ाई की। वह तीन भाई बहनों में मझली है।

# शोभायात्रा में गूंजे जय श्रीराम के नारे

संवाददाता, फरीदपुर

**अमृत विचार :** फरीदपुर में शनिवार को श्री आदर्श रामलीला प्रबंध समिति की ओर से श्रीरामनवमी शोभायात्रा निकाली गई। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से नगर की पुलिस मौजूद रही। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर श्रीराम बारात का स्वागत किया गया।

शोभायात्रा में विभिन्न प्रकार की झांकियां मुख्य आकर्षक का केंद्र रहीं। श्री राम नवमी का कमेटी द्वारा विधिवत पूजन करके शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। व शोभा यात्रा में भाजपा फरीदपुर विधायक डॉ. प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल निवर्तमान जिला महामंत्री भाजपा अनिल प्रताप सिंह राणा व नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शोभायात्रा में 251 फुट का भव्य विशाल झंडा नगर के विभिन्न मार्गों में पुष्प वर्षा करते हुए व जगह-जगह स्टॉल व्यंजन शरबत आदि भक्तों द्वारा व्यवस्था की गई व अयोध्या श्री राम मंदिर, भगवान श्रीराम, लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न के स्वरूप गुरु विश्वामित्र भगवान गणेश हनुमान शंकर-पार्वती शेरावाली मां की झांकी राधा-कृष्ण की झांकियां दर्शकों का मन मोह रही थी। बैंड बाजों की धुन पर लोग भगवान श्रीराम की नवमी में नाचते गाते जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। श्रीराम बरात शोभायात्रा सीएस इंटर कॉलेज रामलीला ग्राउंड से होते हुए स्टेशन रोड बक्सरिया, मोहल्ला साहूकारा मेन रोड फरखपुर व सत्संग भवन से होते हुए रामलीला ग्राउंड में पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान आतिश अग्रवाल, विकास अग्रवाल शानू , ब्रह्मा शंकर गुप्ता, महावीर जायसवाल, सौरभ अग्रवाल सर्वेश अग्रवाल समेत अन्य मौजूद रहे।



शोभायात्रा में शामिल झांकी।



### छात्रों को विद्यालय ड्रेस में ही भेजें

**आंवला, अमृत विचार :** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर आंवला में मातृशक्ति सम्मेलन का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य दयाशंकर शर्मा ने धर्मेंद्र जिला प्रचारक , दीपा काला प्रधानाचार्य कन्या इंटर कॉलेज फरीदपुर, सुरेश चंद्र ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और पुष्पार्चन कराया। प्रधानाचार्य दयाशंकर शर्मा ने कार्यक्रम की भूमिका रखी और विद्यालय की आचार्या अनीता सिंह ने अभिभावकों से बच्चों को विद्यालय उचित ड्रेस, खानपान, भाषा बोली और गृहकार्य को समय से पूर्ण कराने का आग्रह किया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता दीपा काला ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी से शत-प्रतिशत मतदान करने का आग्रह किया। सुरेश चंद्र शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किया और सबसे पहले मतदान फिर जलपान के लिए आग्रह किया। इस अवसर पर राजेश्वरी बर्मा , धर्मवीर, विपिन , नन्हेंलाल गंगवार संजीव कांत विपुल कुमार, रामकरन मिश्र, और विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# गर्मी में पानी की कमी की वजह से बीमार हो रहे पशु

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** गर्मी में पानी की कमी से पशु बीमार हो रहे हैं। आईवीआरआई के रेफरल वेटनरी पॉली क्लिनिक में रोजाना 8 से 10 बीमार पशु पहुंच रहे हैं। कुत्ते टिक्स, डिहाइड्रेशन, बुखार, उल्टी-दस्त, पेशाब न आना जैसी समस्याएं से ग्रसित मिल रहे हैं।

सबसे ज्यादा जर्मन शेफर्ड, लेब्राडोर, पग, चाउ-चाउ, सेंट बर्नार्ड, स्पिट्ज, बुल मेस्टिफ, डाबरमैन, रोटवीलर, बॉक्सर प्रजातियों के कुत्ते पहुंच रहे हैं। पशु चिकित्सकों के अनुसार कुत्तों की इन प्रजातियों को अधिक गर्मी लगने का कारण पसीना निकलने वाला ग्रंथि न होना है। इसकी वजह से उनके शरीर का तापमान संतुलित नहीं हो पाता है और गर्म रहता है। वहीं गर्मी के कारण दुधारू पशुओं का दूध लगातार कम होता जा रहा है। पशु चिकित्सकों के अनुसार गर्मी की शुरुआत में ही दुधारू पशुओं में दुग्ध उत्पादन 10-15 फीसदी तक कम हो गया है। रेफरल वेटनरी पॉली क्लिनिक के प्रभारी डॉ. अमरपाल ने बताया कि डिहाइड्रेशन के शिकार पशुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। जैसे-जैसे मौसम ज्यादा गर्म होगा भैसों और काले रंग के पशुओं में इसका सबसे अधिक खतरा बनेगा। पशुओं को डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए हरा चारा खिलाएं।

### 150 रुपये के लिए युवक की हत्या का आरोप

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** गढ़िया रंगीन क्षेत्र में एक युवक का शव पेड़ से रस्सी से लटका मिला। गढ़िया रंगीन थाना क्षेत्र के गांव खमरिया निवासी 28 वर्षीय संदीप सिंह शुक्रवार की दोपहर एक बजे घर से निकला था। उसका शव शाम पांच बजे गांव के बाहर एक पेड़ से रस्सी से लटका देखा गया। परिजनों का आरोप है कि 150 रुपये के लिए उसकी हत्या की गई हैं। उन्होंने थाने पर सूचना दी। थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह रावत सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे और जानकारी की। प्रदीप सिंह ने बताया कि उसके भाई संदीप को गांव को एक युवक ने डेढ़ सौ रुपये उधार दिए थे। इसी बात को लेकर दो दिन पूर्व उसके भाई का आरोपी युवक से विवाद हो गया था। आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी थी।

### पुलिस की मुश्तैदी से बची विवाहिता की जान

**नवाबगंज , अमृत विचार :** पुलिस की मुस्तैदी से शनिवार को एक विवाहिता की जान बच गई। सूचना पर पहुंचीं पुलिस ने दरवाजा तोड़कर फंदे से लटकी विवाहिता को उतार कर नर्सिंग होम पहुंचाया। मामला कस्बे के स्टेशन रोड स्थित बस्ती का है। यहां के कपिल कुमार की पत्नी शिवानी शनिवार सुबह परिवार में विवाद होने पर छत के कमरे के कुंडे में चुनरी से फंदा लगाकर लटक गई। फंदे से लटकने से पूर्व उसने पुलिस को सुसाइड करने का फोन भी कर दिया। जिस पर उपनिरीक्षक मनोज कुमार महिला सिपाही वर्षा पवार के साथ आनन -फानन मौके पर पहुंच गए और जैसे तैसे कमरे का दरवाजा तोड़कर उसे फंदे से उतार कर नजदीक स्थित माया अस्पताल पहुंचाया। जहां अब उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस की इस सक्रियता की हर ओर तारीफ हो रही है। घटना के समय शिवानी का पति किसी कार्य से नगर में गया हुआ था तथा शिवानी के सास ससुर व डेढ़ वर्षीय पुत्री नीचे कमरे में थे । उसका विवाह तीन वर्ष पूर्व ही हुआ था ।

### एसडीएम-सीओ ने किया पोलिंग बूथों का निरीक्षण

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** क्योलड़िया के गांव जरपा मोहनपुर में शनिवार को एसडीएम और सीओ ने पहुंचकर पोलिंग बूथ और रास्ते का निरीक्षण किया। इसके साथ ही ग्रामीणों से बातचीत की। ग्रामीणों ने आबादी के बीच शराब की दुकान, हटाने कि मांग कि शराब की दुकान होने से युवाओं मे नशे की लत बढ़ती जा रही है। इसके साथ ही छुट्टा पशुओं को लेकर शिकायत कि किसानों की फसल को चौपट कर रहे है । एसडीएम गोविंद मौर्य ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्द ही उनकी शिकायतों का समाधान किया जाएगा । निरीक्षण के दौरान पुलिस क्षेत्र अधिकारी हर्ष मोदी थाना प्रभारी परमेश्वरी , प्रधान राजेंद्र कुमार, ताराचंद लोधी समेत अन्य मौजूद रहे।

# जनप्रतिनिधियों और सरकार से निराश ग्रामीणों का चुनाव बहिष्कार

लोकतंत्र में मतदान एक महोत्सव होता है। इसमें मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करता है। लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में 19 अप्रैल को पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र के बीसलपुर के गांव पुरैना और धरलिया में लोगों ने एक भी वोट न डाल कर चुनाव का पूर्ण बहिष्कार किया। गांव वालों ने बीजेपी प्रत्याशी और उनकी सरकार ने उनकी आवाज को अनसुना करने पर यह कदम उठाया।

मामला यह है कि गांव पुरैना से पेहना तक देवहा नदी पर पुल स्वीकृत हुआ लेकिन गत वर्ष विधायक विवेक वर्मा और लोक निर्माण विभाग मंत्री जितिन प्रसाद ने राजनीतिक कारणों और निहित स्वार्थ के लिए स्वीकृत स्थान से लगभग चार-पांच किलोमीटर दूर दूसरे गांव में पुल का शिलान्यास कर निर्माण शुरू करा दिया। तब पुरैना और कई गांवों के लोगों ने देवहा नदी पर धरना प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी पीलीभीत से शिकायत दर्ज कराई। जिलाधिकारी ने लोकनिर्माण विभाग के इंजीनियरों से वार्ता कर सच्चाई जान कर पुल गांव पुरैना से पेहना तक बनवाने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों का प्रतिनिधि मंडल मंत्री जितिन प्रसाद से भी मिला तो उन्होंने ने भी स्वीकार किया कि शिलान्यास गलत स्थान पर हुआ है और पुरैना से पेहना तक ही पुल बनवाने का आश्वासन दिया, किंतु फिर भी पुल गलत स्थान पर ही बनना शुरू हो गया। ग्रामीण अपने हक की लड़ाई के लिए विधायक विवेक वर्मा के आवास पर छह माह में दो बार धरने पर बैठे तो उन्होंने भी गलती स्वीकार की और पुल गांव पुरैना में बनवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान ग्रामीणों का प्रतिनिधि मंडल लगभग छह-सात बार मंत्री जितिन प्रसाद से मिलने शाहजहांपुर और लखनऊ गया। किंतु मंत्री ने मुलाकात करने से इन्कार कर दिया। इसके बाद भी ग्रामीणों ने प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार से पत्राचार किया लेकिन कोई हल नहीं निकला। न्याय पाने के लिए ग्रामीण लगातार प्रयास करते रहे। जब गांव वालों को प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और सरकार से कोई न्याय नहीं मिला तो चुनाव बहिष्कार की सूचना चुनाव आयोग को पहले ही दे दी थी।

चूंकि ग्राम पुरैना देवहा नदी के किनारे बसा हुआ गांव है जो शैक्षिक और राजनीतिक रूप से पिछड़ा हुआ था लेकिन अब वहां भी राजनीतिक हक की लड़ाई के लिए जमीन तैयार हो गई है जिसमें युवा पीढ़ी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही है। हालांकि इस पूरे आंदोलन के नेतृत्वकर्ता कृषक हरीश गंगवार को जनप्रतिनिधियों से झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकियां दी जाती रहीं किंतु वह अपने हक की लड़ाई लड़ने पर अडिग रहे। 19 अप्रैल से एक-दो दिन पहले पुलिस अधिकारियों ने भी हरीश गंगवार और गांव वालों को चुनाव बहिष्कार के खिलाफ धमकाने की कोशिश की लेकिन ग्रामीणों की दृढ़ता और एकता के आगे वह भी अपनी कोशिश में विफल रहे। गांव पुरैना में अपने हक के लिए प्रशासनिक अधिकारियों, जन प्रतिनिधियों और सरकारों से न्याय पाने में विफल रहने पर हताश-निराश ग्रामीणों ने लोकतंत्र के पर्व मतदान का सफलता पूर्वक बहिष्कार किया। चुनाव का बहिष्कार जन प्रतिनिधियों एवं सरकारों के खिलाफ एकजुटता का आंदोलन है जिससे आमजन की लड़ाई की नई जमीन तैयार हो गई है। चुनाव के बाद अक्सर सरकार तो बदल जाती है किंतु बदले हुए जनप्रतिनिधियों एवं सरकारों के चरित्र एवं चाल-चलन पहले की सरकारों की तरह मिलते-जुलते ही होते हैं। न्याय पाने के लिए जन आंदोलनों की आवश्यकता होती है जो अपना हक पाने के लिए अपनी आवाज उठा सकें।

**- डॉ. रजनीश गंगवार,** एमजीएम इंटर कॉलेज बहेड़ी

## इंटरमीडिएट में पाई सफलता

- नाम प्राची, अंक 453/500, प्रताप इंटर कॉलेज शाही कॉलेज
- नाम सेजल, अंक 433/500, प्रताप इंटर कॉलेज शाही कॉलेज
- नाम अजय, अंक 798 /1000, प्रताप इंटर कॉलेज शाही कॉलेज
- नाम रवि कुमार, अंक 785/1000, प्रताप इंटर कॉलेज शाही कॉलेज
- नाम अर्पित, अंक 414 /500, प्रताप इंटर कॉलेज शाही कॉलेज
- नाम विनीता, अंक 432/500, प्रताप इंटर कॉलेज शाही कॉलेज
- नाम वंशिका, अंक 481 /500, स्कूल यूनिक मॉडल इंटर कालेज
- नाम सौम्या, अंक 474/500, स्कूल यूनिक मॉडल इंटर कालेज
- नाम रोहित सिंह, अंक 475/500, स्कूल यूनिक मॉडल इंटर कालेज
- नाम सिदरा अंसारी, अंक 462/500, स्कूल यूनिक मॉडल इंटर कालेज
- नाम डॉली, अंक 455/500, स्कूल यूनिक मॉडल इंटर कालेज
- नाम आलिया, अंक 435/500, स्कूल श्री चित्रगुप्त इंटर कॉलेज
- नाम नेहा वर्मा, अंक 418/500, स्कूल श्री चित्रगुप्त इंटर कॉलेज
- नाम यश शर्मा, अंक 461/500, स्वामी दयानंद सरस्वती विद्या मंदिर
- नाम ज्योति, अंक 449/500, कॉलेज दिव्य कृपाल विद्या मन्दिर
- नाम ज्योति, अंक 421/500, लाजपत राय इंटर कॉलेज शेरगढ़
- नाम अंबिका शर्मा, अंक 388 /500, लाजपत राय इंटर कॉलेज शेरगढ़
- नाम तनाज, अंक 393/500, जनता इंग्लिश इंटर कॉलेज नकटिया
- नाम महविश, अंक 375 /500, जनता इंग्लिश इंटर कॉलेज नकटिया
- नाम नाजिया वाहिद, अंक 440/500, जनता इंग्लिश इंटर कॉलेज नकटिया
- नाम अंश मिश्रा, अंक 375/500, स्कूल धर्मदेव इंटर कॉलेज
- नाम अमित कुमार, अंक 553/600, संत मंगलपुरी इंटर कॉलेज

## हाईस्कूल में पाई सफलता

- नाम अरुण, अंक 529/600, प्रताप इंटर कॉलेज शाही
- नाम शहजिल, अंक 520/600, प्रताप इंटर कॉलेज शाही
- नाम शिवओम, अंक 502/600, प्रताप इंटर कॉलेज शाही
- नाम हर्षिका गोविंद, अंक 562/600, ठाकुर रोशन सिंह इंटर कॉलेज
- नाम रिहान, अंक 558/600, जेपीएस इंटर कॉलेज
- नाम लीलाधर, अंक 557 /600, प्रकाश मेमोरियल इंटर कालेज
- नाम ज्योति देवी, अंक 542/600, जीटीआर इंटर कॉलेज
- नाम भावना गंगवार, अंक 552/600, एडिसन साइंटिफिक उच्चतर
- नाम हिफ्जा फातिमा, अंक 523/600, दिव्य कृपाल विद्या मंदिर कॉलेज
- नाम सोमदेव सिंह, अंक 515/600, बिलासो देवी हायर सेकेंडरी कॉलेज
- नाम राहुल कुमार, अंक 382/600, सालिकराम एसबीएम इंटर कॉलेज
- नाम मोहम्मद अनस, अंक 472/600, बिलासो देवी हायर सेकेंडरी स्कूल
- नाम तारिफ खान, अंक 512/600, बिलासो देवी हायर सेकेंडरी स्कूल
- नाम मोहित मौर्य, अंक 472/600, बिलासो देवी हायर सेकेंडरी स्कूल
- नाम मानसी, अंक 424/600, बिलासो देवी हायर सेकेंडरी स्कूल
- नाम अनमता, अंक 493/600, जनता इंग्लिश इंटर कॉलेज नकटिया
- नाम साक्षी मौर्या, अंक 494/600, जनता इंग्लिश इंटर कॉलेज नकटिया
- नाम अनस खान, अंक 522/600, जनता इंग्लिश इंटर कॉलेज नकटिया
- नाम नितिन, अंक 542/600, पं .राम बहादुर मेमोरियल हायर
- नाम शेखर, अंक 526/600, पं .राम बहादुर मेमोरियल हायर

